क्षेत्रीय समाचार
आकाशवाणीः देहरादून
बृहस्पतिवार– 05.10.2023
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कक्षा 9 से 12वीं तक के छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सड़क, रेल और हवाई कनेक्टिविटी का तेजी से विस्तार हुआ है।
- उत्तराखंड अंगदान के लिए पंजीकरण कराने वाला देश का दूसरा राज्य बन गया है। तीन हजार से अधिक लोगों ने राष्ट्रीय पोर्टल पर पंजीकरण कराया।
- वन्य जीव सप्ताह के तहत अल्मोड़ा में छात्रों को जैव विविधता संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई।

व्यावसायिक शिक्षा

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कक्षा 9 से 12वीं तक के छात्रों को अब व्यावसायिक शिक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इसको लेकर राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा बंशीधर तिवारी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में स्विट्जरलैंड के एजुकेशन ग्रुप से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इसके तहत स्विस एजुकेशन ग्रुप राज्य में विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम को बेहतर बनाने के साथ ही एक माह का प्रशिक्षण देगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा का प्रशिक्षण मिलने से वे स्वरोजगार से जुडेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में इन दोनों क्षेत्रों में रोजगार की काफी संभावनाएं हैं। श्री धामी ने कहा कि प्रदेश में धार्मिक, आध्यात्मिक और साहसिक पर्यटन के साथ ही पर्यावरण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अनेक कार्य किये जा रहे हैं।

सेवा पखवाड़ा

कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले साढ़े नौ सालों में देश में सड़क, रेल और हवाई कनेक्टिविटी का तेजी से विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने में भी उल्लेखनीय प्रयास कर रही है। वे ऋषिकेश के गुमानीवाल में सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर श्री अग्रवाल ने विधायक निधि से गुमानीवाला में विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए 10 लाख रुपये और 30 स्ट्रीट लाइट देने की घोषणा की।

मिलिट्री हिस्ट्री सेमिनार

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने छात्रों से अमृतकाल के समय में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने कौशल को बेहतर करने के लिए लगातार प्रयासरत रहना चाहिए। देहरादून के एक निजी स्कूल में आयोजित मिलिट्री हिस्ट्री सेमिनार में राज्यपाल ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों को हमारे सैन्य इतिहास के गौरवशाली पलों के बारे में जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक व्यक्ति को वीर योद्धाओं के पराक्रम और उनके बलिदान के बारे में जानना बहुत जरूरी है। गौरतलब है कि इस दो दिवसीय सेमिनार में देश भर के 38 स्कूलों के छात्र और कई पूर्व सैन्य अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं।

आवासीय मानचित्र

प्रदेश के जिला विकास प्राधिकरणों में मकान के नक्शों से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण की निर्धारित समय सीमा को पन्द्रह दिन से घटाकर सात दिन करने पर विचार किया जा रहा है। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि गैर एकल आवासीय इकाई के मानचित्र से जुड़ी जटिलताओं की निर्धारित समय सीमा को भी तीस दिन से घटाकर पन्द्रह दिन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे कार्मिकों का वेतन रोकने पर भी विचार कर रही है, जो तय समय के भीतर आवासीय मानचित्रों का निस्तारण नही कर रहे हैं और उनकी पत्रावलियां पचास प्रतिशत से अधिक है।

बैंकर्स समिति बैठक

देहरादून में राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति की 86वीं बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत आम लोगों को ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गये। उन्होंने सभी बैंकों को लम्बित ऋण आवेदन पत्रों का तय समय पर निस्तारण करने का कहा और निरस्त किए गए ऋण आवेदनों पर पुर्नविचार करने को भी कहा। श्री बर्द्धन ने ऋण आवेदन के संबंध में सभी बैंक नो–पेंडेंसी वर्क कल्चर को अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजना में तय किए गए लक्ष्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकें।

हेमकुण्ड साहिब यात्रा–जत्था

पाकिस्तान से हिंदु श्रद्वालुओं का एक जत्था हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिये उत्तराखण्ड पहुंचा है। इन यात्रियों के जत्थे का ऋषिकेश पहुंचने पर हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे के प्रबंधक सरदार दर्शन सिंह के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान जत्थे का नेतृत्व कर रहे कपिल कुमार ने बताया कि पाकिस्तान और भारत की संस्कृति में कोई ज्यादा अंतर नहीं है। उन्होंने बताया कि 65 लोगों का जत्था कराची से 26 सितम्बर को चला था, और 27 सितम्बर को बाघा बॉर्डर पार किया था। इसके बाद वह सीधा 28 सितंबर को दिल्ली पहुंचे और 4 अक्टूबर को ऋषिकेश पहुंचे है। इसके बाद वह हेमकुंड साहिब की यात्रा पर निकलेंगे।

अंगदान पंजीकरण

अंगदान के लिए पंजीकरण कराने वाला उत्तराखंड, देश का दूसरा राज्य बन गया है। प्रदेश में आयुष्मान भवः अभियान के अंतर्गत संचालित सेवा पखवाड़े के दौरान तीन हजार से अधिक लोगों ने अंगदान की शपथ लेते हुए राष्ट्रीय पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। इस अभियान के सम्पन्न होने के बाद स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत अंगदान करने वालों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करेंगे। गौरतलब है कि एक पखवाड़े तक चले इस अभियान के दौरान उत्तराखंड में सर्वाधिक 872 लोगों ने नैनीताल जिले में अंगदान के लिए पंजीकरण कराया है।

वन्य जीव सप्ताह

अल्मोड़ा के गोविन्द बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान ने वन्यजीव संरक्षण के लिए साझेदारी विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। वन्य जीव सप्ताह के अन्तर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्रों, शिक्षकों और शोधार्थियों ने प्रतिभाग किया। संस्थान के डॉक्टर रविन्द्र जोशी ने छात्र–छात्राओं को वन्य जीवों में पायी जाने वाली विविधता और इनके पर्यावरणीय महत्व और उनके संरक्षण के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर आई.डी. भट्ट ने छात्रों को वर्तमान समय में हो रहे जलवायु परिवर्तन के अनुरूप पर्वतीय क्षेत्रों में रोजगार की सम्भावनाओं को तलाशने

में पर्यावरण मंत्रालय द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस दौरान छात्रों को मिशन लाइफ की शपथ दिलाई गयी और स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता रैली का आयोजन भी किया गया।

आवेदन आमंत्रित

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। पुरस्कार के लिए पात्र खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, संस्थाओं और विश्वविद्यालयों के आवेदन पोर्टल– dbtyas-sports-gov-in पर अगले महीने की 2 तारीख तक जमा कराए जा सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन केवल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भेजे जा सकते हैं। मंत्रालय प्रत्येक वर्ष खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। वर्ष 2023 के लिए इन खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित करने की अधिसूचना वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

अपणु स्कूल

चमोली के जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने अधिकारियों को अपणु स्कूल अपणो प्रमाण पत्र के तहत जिले में 11वीं कक्षा के छात्रों के शत प्रतिशत प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी उप जिला मजिस्ट्रेट को तहसील स्तर पर नियमित रूप से कोर्ट लगाने और छह माह से अधिक लंबित वादों को जल्द निस्तारित करने को कहा। जिलाधिकारी ने इस दौरान दैवीय आपदा में जारी धनराशि का वितरण करते हुए प्रभावित परिवारों का शीघ्र विस्थापन करने के निर्देश भी दिए।

शव बरामद

उत्तरकाशी जिले के द्रौपदी का डांडा हिमस्खलन दुर्घटना के एक साल बाद लापता चल रहे दो पर्वतारोही में से एक का शव बरामद किया गया है, जबकि, दूसरे लापता प्रशिक्षु पर्वतारोही की तलाश की जा रही है। खोजबीन अभियान नेहरू पर्वतारोहण संस्थान की ओर से चलाया जा रहा है। गौरतलब है कि द्रौपदी का डांडा क्षेत्र में पिछले साल 4 अक्टूबर को हिमस्खलन की चपेट में आने से 29 पर्वतारोहियों की मृत्यु हो गई थी, जबकि दो पर्वतारोही लापता चल रहे थे।

कलश यात्रा

रुद्रप्रयाग जिले के करोखी गाँव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ आयोजित किया जा रहा है। आज 51 जल कलशों की भव्य यात्रा निकाली गयी, जिसमें विभिन्न गांवों के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के आयोजन से तुंगनाथ घाटी का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। आगामी शनिवार को पूर्णाहुति के साथ श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का समापन होगा।

संक्षिप्त में समाचार

चम्पावत में जिला विकास समन्वय और अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सांसद अजय टम्टा ने कहा अधिकारियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

वन्यजीव सप्ताह के अवसर पर चमोली जिले के राजकीय बालिका इंटर कालेज गौचर में वन्य जीवों की पारिस्थितिकीय तंत्र में भूमिका विषय पर गोष्ठी और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्राओं ने पर्यावरण जागरूकता रैली भी निकाली।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी और बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने प्रधानमंत्री के 12 अक्टूबर को अल्मोड़ा के जागेश्वर धाम आने की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

बागेश्वर की जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने जल जीवन मिशन के प्रथम चरण में पूरे हो चुके कामों का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्थाओं को तय भुगतान करने के निर्देश दिए हैं।